महत्वपूर्ण एवं खास

इंडिया गेट पर रिटायर्ड एक्सक्लूसिव जवान ने चलाई तीन राउंड गोली

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस उस वक्त सकते में आ गई जब पूर्व सीआरपीएफ जवान ने विजय चौक के पास इंडिया गेट लॉन में

अचानक हवाई फायरिंग शुरू कर दी। यह घटना संसद से महज कुछ दूर की है। जानकारी के अनुसार जवान नशे की हालत में था और उसने मौके पर अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग करनी शुरू कर दी। उसने तीन राउंड फायरिंग की, जिसकी वजह से लोग मौके पर खुद को बचाने के लिए छिपने लगे। घटना के बाद जवान को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए जाने के बाद जवान ने बताया कि उसकी पिस्टल में कुछ दिक्कत आ गई थी, जिसकी वजह से उसने एक के बाद एक फायर किए। आरोपी जवान का नाम राजपाल यादव है और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जवान त्रिपुरा में एक राजनेता के घर सुरक्षा व्यवस्था में बतौर सुरक्षा गार्ड तैनात है और वह अपने परिवार के सदस्यों से मिलने के लिए दिल्ली आया था। रविवार की शाम राजपाल इंडिया गेट गया था जहां उसने तीन राउंड फायरिंग की।

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में मीडिया प्रभारी नियुक्त किया

रायपुर। आगामी विधानसभा चुनाव 2018 के लिए कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में दो मीडिया प्रभारी जयवीर शेरगिल और राधिका खेरा को नियुक्त किया गया है. मध्य प्रदेश में प्रियंका और संजीव को मीडिया प्रभारी बनाया गया है. वहीं राजस्थान में पवन खेरा और रोहन गुप्ता को बनाया गया है. इसके साथ ही मिज़ोरम में ज़रिता लैतफलांग और तेलंगाना में नासीर हुसैन को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

सरकारी कर्मचारी के निवास में एंटी करप्शन टीम का छापा, शौचालय में छिपाया था पैसा

मिर्जापुर। यूपी के मिर्जापुर में रेड फिल्म की तरह का किस्सा दोहराया गया। रिश्वत लेने की शिकायत पर जब एंटी करप्शन की टीम आरोपी के घर पहुंची तो परिवार को लोगों ने अपना पैसा शौचालय में छिपा दिया। पूरी रात ये टीम शौचालय और घर के बाकी हिस्सों से पैसा और सोना खोजती रही। शौचालय को भी तुड़वा दिया गया, लेकिन पैसा बरामद नहीं हुआ। यह मामला कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय (ईएसआई) के लिपिक विजयानंद तिवारी के खिलाफ रिश्वत लेने का था। टीम आरोपी को अपने साथ ले गई। जानकारी के अनुसार, मिर्जापुर कोतवाली देहात क्षेत्र के चीतपुर गांव का है। रामनर सिंह सरकारी कर्मचारी है। उसने बीमार चल रही अपनी पत्नी का इलाज सरकारी एवं निजी अस्पताल में कराया था।

बस्तर का अनूठा दशहरा : यहां रावण नहीं मारा जाता

विश्व का सर्वाधिक लम्बा 75 दिवस तक मनाया जाता है दशहरा

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के आदिवासी वनांचल बस्तर के दशहरा का राम-रावण युद्ध से कोई सरोकार नहीं है। यह ऐसा अनूठा पर्व है जिसमें रावण नहीं मारा जाता, अपितु बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी सहित अनेक देवी-देवताओं की 13 दिन तक पूजा अर्चनाएं होती हैं। बस्तर दशहरा विश्व का सर्वाधिक दीर्घ अवधि वाला पर्व माना जाता है। इसकी संपन्नता अवधि 75 दिवसीय होती है।

रियासत बस्तर में पितृ पक्ष मोक्ष हरेली अमावस्या अर्थात तीन माह पूर्व से दशहरा की तैयारियां शुरू हो जाती है। बस्तर दशहरा के ऐतिहासिक संदर्भ में किवदंतियां हैं कि, यह पर्व 500 से अधिक वर्षों से परंपरानुसार मनाया जा



रहा है। दशहरा की काकतीय राजवंश एवं उनकी इष्टदेवी मां दंतेश्वरी से अटूट प्रगाढ़ता है। इस पर्व का आरंभ वर्षाकाल के श्रावण मास की हरेली अमावस्या से होता है, जब रथ निर्माण के लिए प्रथम लकड़ी का पट्ट विधिवत काटकर जंगल से लाया जाता है। इसे पाट जात्रा विधान कहा जाता है। पट्ट पूजा से ही पर्व के महाविधान का श्रीगणेश होता है। तत्पश्चात स्तंभ रोहण के अंतर्गत बिलोरी ग्रामवासी सिरहासार भवन में डेरी लाकर भूमि में स्थापित करते हैं। इस रस्म के उपरांत रथ निर्माण हेतु विभिन्न गांवों से लकड़ियां लाकर कार्य प्रारंभ किया जाता है।

75 दिनों की इस लम्बी अवधि में प्रमुख रूप से काछन गादी, पाट जात्रा, जोगी बिठाई, मावली जात्रा, भीतर रैनी, बाहर रैनी तथा मुरिया दरबार मुख्य रस्में होती है, जो धूमधाम व हर्षोल्लास से बस्तर के संभागीय मुख्यालय में संपन्न होती हैं।

महिलाओं का पर्स नहीं चेक कर सकेंगे पुरूष पुलिस अधिकारी

कोरबा (आरएनएस)। विधानसभा निर्वाचन के लिए गठित स्थैतिक जांच दलों और उड़न दस्तों के पुरूष पुलिस अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही के दौरान महिलाओं के पर्स की जांच नहीं की जायेगी। महिलाओं की पर्स की जांच केवल महिला पुलिस अधिकारी या कर्मी ही कर सकेंगी। आज जिला पंचायत सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन के लिए गठित स्थैतिक जांच दलों और उड़नदस्तों में शामिल अधिकारी, कर्मचारियों का पहला प्रशिक्षण संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर डा. एम.एम.जोशी ने जिला निर्वाचन अधिकारी मो. कैसर अब्दुल हक, पुलिस अधीक्षक मयंक वास्तव, चारों विधानसभाओं के रिटर्निंग अफसरों और नियुक्त कार्यापलिक मजिस्ट्रेटों की उपस्थिति में सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि प्रत्येक दल में एक मजिस्ट्रेट और तीन या चार पुलिस कर्मी होंगे जो चेक पोस्ट पर कार्यरत होंगे। यह दल प्रमुख मुख्य मार्गीय सड़कों, जिले की सीमाओं पर चेक पोस्ट स्थापित करेगा और अपने क्षेत्र में अवैध शराब, रिश्वत की वस्तुओं या भारी मात्रा में नकदी, हथियार एवं गोला-बारूद के लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर भी नजर रखेगा। जांच किये जाने की संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। निर्धारित फार्मेट में पुलिस अधीक्षक को दैनिक कार्यकलाप रिपोर्ट भेजगा और उसकी प्रति आरओ, डीईओ और व्यय प्रेक्षक, सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस मुख्यालय के नोडल अधिकारी जिले की ऐसी सभी रिपोर्टों का संकलन करेंगे और उसी दिन फैक्स/ई मेल के जरिए आयोग को भेजा जायेगा। इसके साथ ही उसकी एक प्रति राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भी भेजी जायेगी।

बीएसपी के गैस पाईप लाईन में ब्लास्ट : मृतकों की संख्या पहुंची 13

भिलाई (आरएनएस)। मंगलवार को हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के भीतर गैस पाईप लाईन ब्लास्ट के दौरान मृतकों की संख्या बुधवार 12 पहुंची थी। ब्लास्ट के दौरान घायल ईएमडी विभाग के दुर्गेश सिंह राठौर की बुधवार को इलाज के दौरान सेक्टर-9 अस्पताल में दोपहर 1 बजे मौत हो गई थी। इसके बाद गुरूवार करीब 7 बजे बीएसपी के ही सीनियर टेक्निशियन सत्यविजय ने दम तोड़ दिया। सत्य विजय को भी इलाज के लिए सेक्टर-9 अस्पताल के बर्न यूनिट में नाजूक अवस्था में भर्ती कराया गया था।

ज्ञात हो कि मंगलवार को हुए बीएसपी के कोक ओवन विभाग के बैटरी क्रमांक 11 में गैस पाईप लाईन मेंटनेन्स का काम चल रहा था जिसके बाद वहां एक धमाके के साथ गैस का रिसाव हुआ और आग भभक उठी। इस हादसे में 17 कर्मी बुरी तरह झुलस गए थे। सभी घायलों को सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जमीन विवाद को लेकर महिला पर जानलेवा हमला, अस्पताल में भर्ती

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धाराशिव में एक महिला के ऊपर जमीन विवाद को लेकर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें महिला बुरी तरह घायल हो गई घायल महिला का प्राथमिक उपचार जारी है। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

मिली जानकारी अनुसार नंदबाइ बरेट के साथ संतोष यादव पिता शंकर प्रसाद यादव उम्र 37 वर्ष गाली गलौज कर रहा था इसी बीच अचानक संतोष ने राम लीला के लिए रखी गई तलवार से उक्त महिला पर हत्या की नियत से ताबड़तोड़ वार करते हुए उसे बुरी तरह घायल कर दिया महिला की किस्मत अच्छी थी कि तलवार में धार नहीं थी जिससे महिला की जान बच गई और महिला के परिजनों ने डायल 112 को तत्काल फोन कर घटना की सूचना दी जिस पर 112 तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल महिला को अस्पताल भेजा गया और वहीं आरोपी संतोष यादव को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर पामगढ़ थाना लाया गया पामगढ़ पुलिस मामले की जांच कर रही है पूछताछ में यह बात सामने आई कि दोनों पक्षों के बीच जमीन का विवाद लंबे समय से चल रहा है इसी बात को लेकर यह विवाद हुआ था जिसके बाद रामलील के लिए रखी गई तलवार को आरोपी ने उठाकर घटना को अंजाम दिया फिलहाल पुलिस ने उक्त तलवार को भी जप्त कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है पीड़ित महिला का जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है।

वार्ड नंबर 37 और 42 में जोगी कांग्रेस के सदस्यों ने किया जनसंपर्क

रायगढ़ (आरएनएस)। जहां एक तरफ चुनाव के एक साल पूर्व टिकट मिलने से विभाष सिंह ठाकुर लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जिस प्रकार से धुआंधार दौरा कर रहे हैं और ग्रामीण जनता से मिल रहे हैं,उसी तरह जनता कांग्रेस के युवा वर्ग ने रायगढ़ शहर की कमान अपने हाथ में ली है वे रायगढ़ के छोटे से छोटे मोहल्ले तक पहुंच रहे हैं, और हर एक घर में जाकर विभाष सिंह ठाकुर के लिए वोट मांग रहे हैं रायगढ़ शहर में ऐसे इतनी सारी छोटी छोटी बस्तीया हैं जो भाजपा सरकार के 15 साल पूरा होने के बावजूद भी बहुत ही अभाव में वहां के निवासी अपना जीवन व्यतीत कर रहे कहीं बिजली की समस्याएं हैं कहीं नालियां भरी हुई है उनकी साफ सफाई कराने वाला कोई नहीं बस्तातों में वह इलाका पूरा पानी

से भर जाता है वहां की सड़कें बनाने वाला तक कोई नहीं है और उनकी पूछ परख करने वाला कोई नेता उनके पास तक नहीं पहुंचा है,लेकिन जनता कांग्रेस के सदस्यों को अपने पास देख कर सभी लोग अति उत्साहित हो गए और अपनी समस्याओं से सदस्यों को रूबरू कराने का किया और साथ ही मौजूदा सरकार के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया की रायगढ़ में 4 साल से भाजपा के नेता मौजूद हैं लेकिन कोई भी उनके पास तक नहीं पहुंच पाया,अब ऐसे छोटी छोटी बस्तियों के निवासियों ने संकल्प लिया है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में हम ऐसा नेता चुनेंगे जो हमारी समस्या को हमारे घर आकर सुने ना की हमें उसके पास अपनी समस्या को लेकर जाना पड़े।क्षेत्र के लोगों ने विभाष सिंह ठाकुर के प्रति अपना विश्वास जताया है क्योंकि विभाष सिंह ठाकुर सदैव लोगों की समस्याओं के लिए लड़ाइयां लड़ते हैं और हमें ऐसा ही नेता चाहिए जो हमारे हक को हमको दिला सके। आज के जनसंपर्क मे प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष आशीष यादव, छात्र संघ अध्यक्ष शुभम सिंह, अनिल रतेरिया, जयदीप गोरख, गौरव सिंह, संदीप श्रीवास, दिनेश वैष्णव, अनिल, सोनू, जावेद, हरि, सिब्बू, फूल बाई, सोनू सिदार आदि लोग मौजूद थे।

इन चीज़ों का करें सेवन, मोटापा जल्द हो जायेगा आपसे दूर!

आजकल मोटापे से लगभग 80 से 90 प्रतिशत लोग पीड़ित है। जिम और एक्ससरसाइज तो अकसर लोग करते हैं परन्तु फिर भी उन्हें मोटापे से निजात नहीं मिल पाता। ऐसे में सही डाइट लेना फायदेमंद हो सकता है। अंडे, बैरी, पालक आदि को डाइट में शामिल करके फर्क महसूस किया जा सकता है। यह न सिर्फ शरीर को भरपूर ऊर्जा देते हैं बल्कि इनको खाने से पेट भरा-भरा भी रहता है। इनमें मिनरल्स, विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट अधिक होते हैं जो शरीर के लिए लाभदायक है।

1. बैरी खाएं

एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर बैरीज शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं। इसको खाने से पाचन तंत्र सुचारु रहता है जिससे मोटापे को कम किया जा सकता है।

2. .अंडे है फायदेमंद .

न्यूट्रिएंट से अधिक अंडे में कैलोरीज कम होती है। इसमें प्रोटीन भरपूर होता है जिसको खाने से शरीर हैल्दी रहता है और भूख कम लगती है।

3. सेब हैं लाभदायक

सेब में एंटीऑक्सीडेंट्स, फाइबर, मिनरल और विटामिन अधिक होते हैं जिससे हैल्थ सही रहती है। इसको खाने से मोटापा कम किया जा सकता है।

4. पालक खाएं

विटामिन, मिनरल की मात्रा पालक में भरपूर होती हैं जो शरीर को हैल्दी रखने में फायदेमंद है।

5. ग्रीन टी का करें सेवन

मोटापा कम करने में ग्रीन टी अत्यंत फायदेमंद होती है। इसको पीने से कैंसर से भी बचा जा सकता है।

मुझे अर्जुन से बेहतर कोई और नहीं समझ सकता: परिणीति चोपड़ा

अभिनेता अर्जुन कपूर और परिणीति चोपड़ा ने अपने करियर की शुरुआत साथ की थी। 6 साल बाद एक बार फिर से दोनों निर्देशक विपुल शाह की फिल्म नमस्ते इंग्लैंड में साथ नजर आएंगे। फिल्म रिलीज़

के लिए तैयार है। फिल्म के एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान हुई हमसे बातचीत के दौरान दोनों ने अपनी खास दोस्ती पर बात की।

अर्जुन के साथ अपने रिश्ते पर परिणीति कहती हैं, मुझे बहुत गर्व होता है जब भी मैं अर्जुन कपूर के साथ कोई भी काम करती हूं, फिर चाहे वह फिल्म की शूटिंग हो या फिर प्रमोशन करना हो। इसकी वजह भी है, क्योंकि अर्जुन को मैं उस दिन से जानती हूं, जब वह कुछ नहीं थे। अपनी पहली फिल्म के दौरान जब वह अपने पहले सीन की शूटिंग का इंतजार कर रहे थे क्योंकि उस समय मैं शूट कर रही थी और अर्जुन पूरी रात इंतजार कर रहे थे। उस पहले शॉट से अब तक का प्रोग्रेस देखती हूं तो लगता है, यह सब मैंने किया है। मुझे अर्जुन पर गर्व है, एक दोस्त के नाते मैं अर्जुन के लिए बहुत प्रटेक्टिव भी हूं। मुझे बहुत ही अमेजिंग फीलिंग होती है कि इन 6 सालों में अर्जुन कहां से कहां आ गए हैं। हमारे बीच पहली फिल्म से अब तक कुछ बदला नहीं है।

परिणीति आगे बताती हैं, एक लव स्टोरी शूट करते समय आपस में एक कम्फर्ट होना चाहिए, जिसमें हम एक दुसरे को कुछ भी कहीं भी कह सकें, वह कम्फर्ट है हमारे बीच। मुझे अर्जुन से बेहतर कोई और नहीं समझ सकता है। हम दोनों का रिस्ता ऐसा है कि हम खूब झगड़ा करते हैं, लेकिन एक-दूसरे की केयर भी करते हैं। हम एक दुसरे के लिए बहुत प्रटेक्टिव हैं। मैंने लगभग सभी के साथ काम किया है, स्टारडम मिलते ही रिश्ते बदल जाते हैं। अर्जुन के साथ मेरे रिश्ते में कोई चेंज नहीं आया है।

अजय देवगन, तबू और रकुल प्रीत सिंह कह रहे हैं दे दे प्यार दे

अब से कई साल पहले तबू ने फिल्म विजयपथ में अजय देवगन को रुक रुक रुक से रोकने की कोशिश की थी, वह अब तक रुके हुए नजर आ रहे हैं, क्योंकि अब एक बार फिर ये दोनों फिल्म दे दे प्यार दे में साथ नजर आने वाले हैं. लव रंजन की नई फिल्म दे दे प्यार दे अब बनकर लगभग पूरी तरह तैयार है. अकिव अली द्वारा निर्देशित यह फिल्म लगभग पूरी शूट की जा चुकी है.

सूत्रों के अनुसार बस अब एक गाने की शूटिंग बाकी है. जिसे लेकर पूरी टीम उत्साह के साथ तैयारी में जुटी है. भावनात्मक रिश्तों पर आधारित इस फिल्म में प्रमुख भूमिकाओं में अजय देवगन, तबू, जिमी शेरगिल और रकुल प्रीत सिंह शामिल हैं. इस टीम को अब भी एक गाना और कुछ छोटे-छोटे हिस्सों को शूट करना है.

रिपोर्ट के मुताबिक अजय, तबू और रकुल पूरी तरह से शूट के लिए तैयार हैं.

सूत्रों की माने तो सभी तीन अभिनेता अजय, तबू और रकुल एक डांस नंबर में एक साथ नजर आने वाले हैं. इस गाने की शूटिंग अक्टूबर के बीच में यश राज स्टूडियो में होना तय हुआ है। हालांकि अफवाहें थीं कि वे टाइलट ट्रैक की शूटिंग करेंगे, लेकिन अब मामला कुछ अलग नजर आ रहा है.

मुझे अच्छा अभिनेता समझने में लोगों को वक्त लगा : वरुण

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म सुई धागा की सफलता का आनंद ले रहे अभिनेता वरुण धवन का कहना है कि लोगों को यह महसूस करने में कुछ समय लगा कि वह एक अच्छे अभिनेता हैं। वरुण मुंबई में सुई धागा की सफलता का जश्न मनाने के लिए आयोजित एक समारोह में फिल्म के सह-कलाकारों अनुष्का शर्मा, रघुवीर यादव, यामिनी दास के साथ मीडिया से बातचीत कर रहे थे। वरुण ने वर्षों से उनके प्रति दर्शकों के बदलते नजरिए के बारे में कहा, मुझे नहीं पता कि जब लोग मेरे काम के बारे में

बात करते हैं तो कैसी प्रतिक्रिया करते हैं। मेरा करियर अबतक थोड़ा मजाकिया रहा है। उन्होंने कहा, जब मैंने शुरुआत की थी तो लोग मुझे चॉकलेट बॉय कहते थे, अभिनय के बारे में बात नहीं करते थे। कहते थे कि बॉडी है, इसलिए चल रहा है। अब सिर्फ छह वर्षों में लोगों ने सिर्फ मेरी प्रस्तुति के बारे में बात की है, इसलिए यह मेरे लिए उत्साहजनक है। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से लगता था कि मैं अच्छा अभिनेता हूं,